PRESS CLIPPINGS

PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT

GURU GOBIND SINGH INDRAPRASTHA UNIVERSITY

SEC-16C, DWARKA, NEW DELHI

Date: 03-11-2026

वीर अर्जुन, नई दिल्ली, 3 नवम्बर, 2026

आईपीयू में डिग्री पूरी करने का आखिरी मौका, छात्रों को मिला मर्सी चांस

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) ने विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। अब वे अपनी अधूरी डिग्री पूरी करने के लिए एक बार फिर परीक्षा दे सकेंगे। विश्वविद्यालय ने ऑर्डिनेंस 10, 11 और 25 के तहत विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के छात्रों को यह अतिरिक्त अंतिम अवसर दिया है।

यह मौका उन विद्यार्थियों के लिए है जो पाठ्यक्रम की निर्धारित अवधि पूरी नहीं कर पाए। साथ ही जिनके अधिकतम परीक्षा अवसर भी समाप्त हो चुके हैं। आईपीयू के अनुसार जून 2026 तक जिनके सभी निर्धारित परीक्षा अवसर समाप्त हो चुके हैं, वे इसका लाभ उठा सकेंगे। इसमें विषम और सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल होंगी। केवल वही विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने अपने पाठ्यक्रम की पढ़ाई पूरी की हो। साथ ही परीक्षा योजना के तहत मिलने वाले सभी अवसरों का इस्तेमाल कर लिया हो। अतिरिक्त अंतिम अवसर की परीक्षाएं केवल ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएंगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर तय की गई है। जिन विद्यार्थियों के पास डिग्री पूरी करने के लिए अभी नियमित परीक्षा अवसर बाकी हैं, वे इसका लाभ नहीं ले सकेंगे। छात्रों को अतिरिक्त अंतिम अवसर का लाभ लेने के लिए आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ उन पेपरों की सूची भी देनी होगी जिनमें वे परीक्षा देना चाहते हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पर संबंधित डीन, डायरेक्टर या प्रिंसिपल के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं। अतिरिक्त अंतिम अवसर के तहत परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

NAVODAYA TIMES
नवोदय टाइम्स
नई दिल्ली • मंगलवार • 3 नवम्बर, 2026

आईपीयू में पीएचडी दाखिले शुरू, 25 तक आवेदन

नई दिल्ली, 2 नवम्बर (ब्यूरो): गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शीतकालीन सत्र के लिए पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों में पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर शाम 5:30 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश परीक्षा (पीईटी) आयोजित करेगा, जिसकी तारीख बाद में घोषित की जाएगी।

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 नवंबर 2026

आईपीयू ने पीएचडी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई

आईपीयू ने पीएचडी कार्यक्रम (शीतकालीन सत्र) में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान ने आवेदन आमंत्रित किए हैं। विषयों से संबंधित और अन्य प्रासंगिक जानकारी से वेबसाइट ipu.ac.in पर उपलब्ध हैं। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25 नवंबर शाम 5:30 बजे तक है।

PRESS CLIPPINGS
PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT
GURU GOBIND SINGH INDRAPRASTHA UNIVERSITY
SEC-16C, DWARKA, NEW DELHI
Date: 03-11-2026

नई दिल्ली, मंगलवार, 3 नवंबर, 2026

जागरण सिटी

आइपीयू ने डिग्री पूरी करने के लिए दिया अतिरिक्त मौका

वि, पश्चिमी दिल्ली: गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आइपीयू) ने विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए अधूरी डिग्री पूरी करने के लिए अतिरिक्त अंतिम अवसर देने का फैसला किया है। इसके तहत पात्र विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बकाया विषयों की परीक्षा दे सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि छह नवंबर निर्धारित की गई है।

यह सुविधा उन विद्यार्थियों को मिलेगी, जिनके परीक्षा देने के सभी निर्धारित अवसर जून तक समाप्त हो चुके हैं। विद्यार्थी विषम और सम, दोनों सेमेस्टर के बकाया विषयों की परीक्षा दे सकेंगे। परीक्षाएं आफलाइन होंगी। इसके लिए 25 हजार रुपये पढ़ाई जारी रखने का शुल्क और प्रति विषय 1200 रुपये परीक्षा शुल्क देना होगा। विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिसंबर 2026 से जनवरी 2027 और सम सेमेस्टर की परीक्षाएं मई-जून 2027 में आयोजित होंगी।

जनसत्ता | 3 नवंबर, 2026

आइपीयू ने छात्रों को दिया अधूरी डिग्री पूरी करने का मौका

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 नवंबर।

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आइपी) के छात्रों को लिए राहत की खबर है। विश्वविद्यालय ने उन छात्रों को एक और मौका दिया है, जो तय समय में अपनी डिग्री पूरी नहीं कर सके हैं। विश्वविद्यालय के मुताबिक केवल वही विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने अपने पाठ्यक्रम की पढ़ाई पूरी की हो। साथ ही परीक्षा योजना के तहत मिलने वाले सभी अवसरों का इस्तेमाल कर लिया हो। अतिरिक्त अंतिम अवसर की परीक्षाएं केवल आफलाइन आयोजित की जाएंगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि छह नवंबर तय की गई है। आवेदन के साथ छात्रों को उन विषयों की सूची भी देनी होगी जिनमें वे परीक्षा देना चाहते हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पर संबंधित डीन, डायरेक्टर या प्रिंसिपल के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं।